# जर्जर भवनों की फिर अनदेखी कर रही नपा

## नगरपालिका ने चिन्हित किए थे 86 जर्जर भवन, नोटिस देने की औपचारिकता के बाद कार्रवाई करना भूले

- जून माह में ढहाया था केवल एक जर्जर भवन
- अनवरत बारिश होने पर बन सकते हैं अनहोनी का कारण



नवभारत न्यूज

**सीहोर, 19 जुलाई. संभवतः नपा को जर्जर भवनों से किसी अनहोनी का इंतजार है. यही कारण है कि जून माह में एक जर्जर भवन को ढहाने के बाद नपा ने अपनी कार्रवाई को शिथिल कर दिया है. वह भी तब जबकि नपा ने खुद शहर में 86 मकानों को जर्जर घोषित कर मकानों में रहने वालों को नोटिस थमाकर मकान खाली करने को कहा है.**

नगर में ऐसे मकानों की कमी नहीं है जो जर्जरावस्था में पहुंच गए हैं तथा इनकी उम्र पूरी हो चुकी है. हर बारिश में नपा द्वारा ऐसे मकानों की पहचान कर उनके स्वामियों को नोटिस थमाकर मकान तोड़ने को कहा जाता है, लेकिन ज्यादातर भवन स्वामी इन नोटिस को कोई तवज्जो नहीं देते हैं. कई बार राजनीतिक दखल के चलते भी इन मकानों को नहीं तोड़ा जाता है. नतीजतन जर्जर मकान ढहते हुए जनहानि का कारण बन जाते हैं. बीते वर्ष ही शहर की खजांची लाईन में एक जर्जर मकान तेज बारिश के चलते ढह गया था. जिसमें एक बुजुर्ग महिला की दबकर मौत हो गई थी. इस घटना के बाद प्रशासन इतनी तेजी से सक्रिय हुआ कि उसने जर्जर मकानों को तोड़ने के लिए किसी को मोहलत नहीं दी और उसी दिन पान चौराहे पर एक तथा कोतवाली चौराहे के भी एक जर्जर मकान को धराशायी कर दिया था. हालांकि इसके बाद नपा ने कार्रवाई को विराम दे दिया था.

इस साल एक बार फिर नपा ने मानसून के पूर्व शहर में जर्जर मकानों का सर्वे शुरू किया. इस दौरान 86 मकानों को जर्जर मानते हुए उनमें रहने वालों को नोटिस देकर मकान खाली करने को कहा गया. गत 30 जून को जर्जर मकानों को तोड़ने की मुहिम भी शुरू की गई.

इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र के सामने एक जर्जर मकान को नपा के अमले ने जेसीबी की मदद से धराशायी किया. उस दौरान नपा के सहायक यंत्री विजय कोली ने बयान दिया था कि जर्जर व खतरनाक मकानों को तोड़ने का काम नियमित किया जाएगा, लेकिन हर बार की तरह इस साल भी नपा ने एक ही मकान को तोड़ने के बाद अपनी मुहिम को जो विराम दिया वह अब तक बरकरार बना है. इससे ऐसा प्रतीत होता है मानो नपा को कोई बड़ी अनहोनी का इंतजार है. उसके बाद ही मुहिम फिर शुरू होगी.

**शीघ्र ही गिराएंगे जर्जर मकान**

जिन जर्जर मकानों को तोड़ने के लिए लोगों को नोटिस थमाए थे. उनके द्वारा थोड़े समय की मोहलत मांगी गई थी. शीघ्र ही हमारे द्वारा सभी चिन्हित जर्जर मकानों को तोड़ने की मुहिम प्रारंभ की जाएगी.

**सुधीर कुमार**
मुख्य नपाधिकारी, सीहोर

# नकली खाद मिलने पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

- पुलिस ने विगत माह पकड़ा था ट्रक
- मिनी ट्रक में मिले थे 50-50 किलो के कट्टे



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 19 जुलाई. जिले में नकली खाद का मामला उजागर हुआ है, जिसके चलते पुलिस ने पकड़े गए मिनी ट्रक के चालक और क्लीनर पर एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर पकड़े गए डीएपी खाद की रिपोर्ट आने के बाद की गई है। जिसमें बताया गया है कि डीएपी खाद में पोषक तत्व मानकों से बेहद कम पाए गए हैं, जिससे किसानों की फसल और जमीन दोनों को नुकसान हो सकता था।**

कोतवाली टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि नकली खाद मिलने सूचना पर पुलिस द्वारा विगत 25-26 जून को एक मिनी ट्रक पकड़ा था। जिसमें खाद नुमा सामग्री भरी हुई थी। जिसके चलते इसकी जांच के लिए नायब तहसीलदार शंभू मीणा को सूचना दी, तो वहीं सूचना के आधार पर कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए ट्रक से ईएफको कंपनी के लेबल वाले 50-50 किलो के 124 कट्टे डीएपी खाद बरामद करते वाहन को जब्त किया।

वहीं जब्त खाद के सैंपल सागर स्थित उर्वरक गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए।

**इंदौर से आया था ट्रक**

कोतवाली टीआई रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि पकड़े गए ट्रक के चालक ने बताया था कि वह यह नकली खाद की कट्टी इंदौर से भरकर लाया था। वहीं अब जांच रिपोर्ट आ गई है, तो वहीं आरोपियों को पकड़ने के साथ ही नकली खाद बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस के साथ ही उन लोगों की छानबीन की जाएगी तो इस कंपनी से मिलकर किसानों को नकली खाद बेच रहे थे।

# हर हर महादेव के साथ प्रारंभ हुई नागद्वारी यात्रा



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 19 जुलाई. अपने आराध्य के प्रति गहरी आस्था एवं भक्ति लिए श्रद्धालु पहुंच रहे हैं पद्मश शेषनाग द्वारा मंदिर। नर्मदापुरम जिले की अमरनाथ धाम की यात्रा हुई प्रारंभ। सावन माह में आयोजित होने वाले इस 10 दिवसीय मेले में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन श्रद्धालु दुर्गम रास्तों से भरा 19 किलोमीटर का सफर पहाड़ों एवं घाटियों को पार कर चट्टानों में लगाई गई लोहे की सीढ़ियों के सहारे तय कर के मंदिर पहुंच रहे है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को 25 हज़ार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने नागद्वारी गुफा मंदिर पहुंचकर अपने इष्ट के दर्शन कर सुख और शान्ति की मनोकामना की। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 10 दिनों तक ही एसटीआर के कोर एरिया में स्थित इस मंदिर के द्वार खुलते है तथा भक्तो को जाने की अनुमति प्राप्त होती है। मेले के सफल संचालन के लिए पचमढ़ी तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित कर पूरे मेले पर उच्च अधिकारियों द्वारा नजर रखी जा रही है। आवश्कता पडने पर प्वाईंटों पर सामग्री तथा अन्य व्यवस्थाऐं तत्काल उपलब्ध करायी जा रही हैं।

मेले में समस्त आवश्यक संसाधनों की पूर्ति मेला प्रारंभ होने की तिथि से एक दिवस पूर्व ही की जा चुकी है जिनमें विद्युत व्यवस्था पेयजल व्यवस्था आदि सम्मिलित है।

# बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए चल रहा अभियान

**विदिशा.** बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जिले में 20 दिवसीय जागरूकता अभियान 01 जुलाई से 20 जुलाई तक चलाया जा रहा है. अभियान अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोडा द्वारा दल गठित किया गया.

दल के सदस्य महिला एवं बाल विकास से श्याम कुमार शर्मा, अनुज जैन, संतोष रघुवंशी, विशेष किशोर पुलिस इकाई से रघुनन्दन कीर, सफल शिक्षा से मनोज कौशल, ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड विदिशा से अरविन्द मिश्रा, बचपन बचाओ से सुमित कुमार द्वारा शनिवार को शनि मंदिर बेतबा घाट विदिशा पर अभियान चलाया गया.

# जिम्मेदार नहीं चेते तो लोगों ने खुद गड्ढे भरे

**खास बातें**

- विभाग की उदासीनता, नागरिक कर रहे सड़क दुरस्त
- मुख्य मार्गो पर उखड़ी सड़क, गड्ढों से आवागमन बाधित



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 19 जुलाई, का. अनदेखी और लापरवाही तथा संबंधित विभाग की उदासीनता के बाद अब नागरिक स्वयं उखड़ी सड़क, गड्ढो की मरम्मत करने लगे है ताकि आवागमन होने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके.**

विदित है कि नगर में मुख्य मार्गो पर हा रहे जानलेवा गड्ढे, उखड़ी सड़क के कारण लोगों का आना-जाना जोखिम भरा हो रहा है. इससे कहीं अधिक चिंता की बात यह है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदारों की अनदेखी बनी हुई है. जिम्मेदारों ने आमजन की इस समस्या पर मौन साध रखा है. अधिकांश सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के तहत आती है. रस्ता देख आखिरकार अब नागरिक स्वयं आगे आकर उखड़ी सड़को की मरम्मत में जुट गये है.

**मटेरियल डाल रहे गड्ढो में:** विभाग द्वारा जीर्णशीर्ण हो चुकी सड़को की मरम्मत की जाएगी ऐसी उम्मीद थी किंतु बारिश शुरु हुए काफी दिन गुजरने पर भी विभाग द्वारा इस और ध्यान नहीं देने पर आवागमन में हो रही परेशानी को दूर करने लोग उखड़े रोड एवं सड़को पर हो रहे गड्ढो में मटेरियल डालकर इनकी मरम्मत का कार्य करने लगे हुए है. राजगढ़ रोड पर कुछ जगह पर मटेरियल बिछाया गया है.

**कावड़यात्रा का मुख्य मार्ग**

इंदौर नाका के पुराने पुल के समीप विशालकाय गड्ढा होकर उसमें बारिश का पानी जमा है. दुपहिया वाहन चालक, पैदल राहगीर सड़क की साइड से बमुश्किल निकल पा रहे है. पानी भरा होने से कई वाहन चालक अनजाने में गड्ढे में जा पहुंचते है. लोग चोटिल हो रहे है. इसी रास्ते से होकर हरियाली अमावस्या को कांवड़यात्रा श्री अंजनीलाल धाम पहुंचेगी. जबकि रोजाना यहां से विभिन्न स्थानों पर जाने वाले कांवड़यात्री निकल रहे है.

## एक नजर में




### अभियान के तहत टीबी रोगियों को प्रदान किए फूड बास्केट

**आष्टा.** टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निश्चय मित्र योजना के तहत विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी संपूर्ण उपचार अवधि के दौरान प्रत्येक माह पोषक आहार प्रदाय करने की जिम्मेदारी ली गई है. योजना के तहत शनिवार को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित गणेश माथुर द्वारा टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण किया गया. इसी प्रकार नि-क्षय मित्र योजना के अंतर्गत एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के पांच टीबी रोगियों को पूरक पोषण सामग्री के रूप में फूड बास्केट का वितरण किया गया.

### नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत दिलाई शपथ

**सारनी.** नशा मुक्ति अभियान के तहत सारनी थाना प्रभारी जयपाल इनवाती द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। उन्होंने विद्यालय और कॉलेज परिसर के आसपास स्थित पान ठेले, गुमटियों और दुकानों के संचालकों को अभियान में शामिल कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी दुकानदारों को समझाइश दी कि वे स्कूल-कॉलेज के आसपास किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ जैसे गुटखा, तंबाकू पाउच आदि न बेचें।

### खरीदी केंद्रों पर समस्याओं को लेकर ज्ञापन

**रहली.** किसानों को खाद, मूंग खरीदी और खरीदी केंद्रों पर हो रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में तहसीलदार को कांग्रेस कमेटी द्वारा ज्ञापन सौंपा गया. इस दौरान खमरिया सोसायटी में किसानों को खाद वितरण में आ रही परेशानी को लेकर बात की और तुरंत समाधान सुनिश्चित करवाया. ज्ञापन देने वालों में ज्योति पटेल, सौरभ हजारी, रत्नेश कुशवाहा, दीपक जैन, बिहारी कुशवाहा, रविन्द्र लोधी, केशव पटेल, रोहित कुर्मी, भोले अहिरवार, हरिभजन पटेल, महेंद्र बाकड़ा सहित उपस्थित रहे.

# नवीन शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर गरजा संगठन, सौंपा ज्ञापन

**गुना, 19 जुलाई. जिले के नव नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों से लंबित मांगों को लेकर आखिरकार प्रशासन से दो-टूक सवाल पूछ डाले। शनिवार को जिले के शिक्षकों ने संगठित होकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।**

इसमें उन्होंने महंगाई भत्ते के एरियर, वेतनवृद्धि में हो रही देरी और परिवीक्षा अवधि की धीमी प्रगति को लेकर गहरी नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कार्यरत सैकड़ों नवनियुक्त शिक्षकों को तीन वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उनका महंगाई भत्ते का एरियर नहीं मिल पाया है। संबंधित अधिकारी लगातार यह कहकर टालते रहे कि शिक्षकों की परिवीक्षा अवधि पूरी नहीं हुई है, जबकि वित्त विभाग के आईएफएमएस पोर्टल पर डीए एरियर भुगतान का स्पष्ट प्रावधान है। शिक्षकों का कहना है कि शासन भले ही हर छह माह में डीए बढ़ा रहा हो, लेकिन उसका वित्तीय लाभ केवल वर्तमान माह से दिया जा रहा है, पिछले वर्षों का एरियर अनदेखा किया जा रहा है।

# छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**ब्यावरा 19 जुलाई.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के तहत यह आयोजन किया गया. छात्रों को निजी एवं सामाजिक जीवन में फैल रहे विभिन्न तरह के नशो के बारे में जानकारी देते हुए उनके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला. छात्रों को मोबाईल और ऑन लाइन गेमिंग की लत से बचने और दूर रहने की सलाह दी गई.

# अवैध रूप से खाद का भंडारण करने पर केंद्र सील



नवभारत न्यूज

**सागर, 19 जुलाई. एसडीएम श्रीमती अदिति यादव के द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भंडारण करने पर खाद भंडार केंद्र को सील किया गया है और आगे की पुलिस कार्रवाई की जा रही है.**

एसडीएम श्रीमती अदिति यादव ने बताया कि शाहपुर में संयम जैन द्वारा, सत्यम टेंडर्स के द्वारा अपने दुकान के भंडारण कमरों में डीएपी, पोटाश का भंडारण किया गया है. विक्रेता के पास 500 बोरी से अधिक डीएपी एवं 50 बोरी से अधिक यूरिया का अवैध भंडारण पाया गया, साथ ही विक्रेता के द्वारा यूरिया 266 रुपए कीमत बाली यूरिया 450 रुपए से अधिक की कीमत में बेचना भी पाया गया. उक्त फर्म अधिकृत विक्रेता है किंतु भंडारण में पाई गई खाद के आवक की रसीदें नहीं है तथा श्रोत से भेजी गई खाद का कोई प्रमाण नहीं है.

# ग्रामीण बैंक ने मनाया किसान दिवस

**सीहोर.** मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन द्वारा किया गया. इसी क्रम में शनिवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय प्रबंधक सुश्री रेखा तिवारी ने की. किसान स मेलन में अनेक किसान उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक द्वारा किसानों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई. शाखा प्रबंधक अशोक डाबी, भोपाल नाका ब्रांच प्रबंधक अनुज गुप्ता, मण्डी शाखा प्रबंधक प्रीति सिंह, क्षेत्रीय कार्यालय अधिकारी आयुषी पाण्डे, रचना अग्रवाल, सचिन


# जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग



नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़, 19 जुलाई.** इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण बल्देवगढ़ क्षेत्र के अहार एवं गनेशपुरा में स्थित मदन सागर तालाब अपनी सीमा से अधिक क्षेत्रफल में जलभराव बढ गया है जिससे विगत पीढियों से निर्मित मकानों में पानी भरने लगे है एवं कुछ मकान गिर गये है ग्राम के स्कूल बंद पडे है और मवेशीयों को परेशानी उत्पन्न होने लगी है। अहार एवं गनेशपुरा के सरपंचों ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन देकर इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

जल भराव का कारण यह कि तालाब का वेस्टवीयर पखिया विगत वर्षों में रोड निर्माण होने से ठेकेदार द्वारा अहार के पास सीसी रोड ऊचा हो गया है जिससे तालाब भराव का जल क्षेत्र बड गया हैं। आम जनता के सामने जल भराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है एवं किसानों की स्वयं की पटैती भूमि जो विगत 100 वर्ष पूर्व से पटैती होते हुये है जिसका क्षेत्रफल लगभग 1000 एकड है जिसकी फसल नष्ट होने से जाँच कराकर क्षतिपूर्ति शासन से दिलायी जायें।



# श्रावण मास में पार्थिव पूजन से मिलता स्वर्ग में स्थान : हरिहरदास

## वेदांत आश्रम में प्रतिदिन हो रहा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में पावन सावन के मौके पर प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ रुद्राभिषेक किया जा रहा है.प्रतिदिन अलग-अलग रूपों में शिवलिंग निर्माण के पश्चात भगवान शिव का पंचामृत स्नान, पूजन के साथ उनका अद्भुत श्रंगार किया जाता है. शनिवार को आश्रम में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बाबा जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किया गया.**

शिवपूजन के दौरान आश्रम के महंत हरिहर दास जी महाराज ने बताया कि जो प्रतिदिन पार्थिव पूजन करता है, उसे इस लोक और परलोक में भी अखंड शिव भक्ति प्राप्त होती है. सावन के महीने में पार्थिव शिवलिंग की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है. शिव पुराण के अनुसार, पार्थिव पूजन से दस हजार कल्प तक स्वर्ग में स्थान मिलता है और अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है. आश्रम में संस्कृत विद्यालय के वेद अध्यापक शिवशंकर पांडेय बनारस ने पार्थिव पूजन के महत्व को बताते हुए कहा कि कच्ची मिट्टी का शिव-लिंग बनाकर उसका किया जाने वाला पूजन पार्थिव पूजन कहलाता है.

सावन मास को शिव जी का माह माना जाता है, इसलिए इन दिनों पार्थिव शिवलिंग बनाकर शिव पूजन करना विशेष पुण्य प्रदायक होता है। शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग का पूजन करने से करोड़ों यज्ञों के बराबर फल भी प्राप्त होता है. कलयुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ऋषि ने पार्थिव पूजन प्रारम्भ किया था. शिव महापुराण के अनुसार पार्थिव पूजन से धन, धान्य, आरोग्य और पुत्र की प्राप्ति होती है .वहीं मानसिक और शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है .पार्थिव पूजन से अकाल मृत्यु का भय समाप्त होता है. शिवपुराण में लिखा है कि पार्थिव पूजन सभी दु:खों को दूर करके सभी मनोकामनाएं पूर्ण करता है.

**विमोचन** — भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया रक्तक्रांति एल्बम का विमोचन, 5000 रक्तदाताओं की प्रेरक झलक

# तीन भाषाओं में बना गीत करेगा मप्र-महाराष्ट्र में रक्तदान के लिए जागरूक

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 19 जुलाई. मां शारदा सहायता समिति द्वारा 5 हजार से ज्यादा रक्तदाताओं की प्रेरणादायक यात्रा और जनजातीय संस्कृति के जरिए देशभर को रक्तदान का संदेश देने के लिए ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में रक्तक्रांति एलबम तैयार किया है।**

इस रक्तक्रांति एलबम का विमोचन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के द्वारा किया गया। इस एलबम के माध्यम से हिंदी, गोंडी और मराठी तीनों भाषाओं में आम जन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया है। संस्था के संजय शुक्ला, शैलेंद्र बिहारिया और महेंद्र मालवी ने जानकारी दी कि यह गीत रक्तदान की आवश्यकता को समझाने का जीवंत प्रयास है।



विमोचन समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉक्टर योगेश पंडाग्रे, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, अतीत पवार और विकास मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंच पर समिति की अध्यक्ष पिंकी भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सोनी और संरक्षक मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस वीडियो गीत को पूरे देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

**जनजातीय नृत्य की भी दिखी झलक**

इस एलबम में 5000 से अधिक रक्तदाताओं को एक समान वेशभूषा में दिखाया गया है, जो रक्तदान के लिए जनसमूह को प्रेरित करते नजर आते हैं। इस प्रस्तुति की विशेषता यह रही कि इसमें जनजातीय नृत्य की भी झलक दिखाई गई है, जो स्थानीय संस्कृति को जोड़ते हुए रक्तदान के संदेश को अधिक प्रभावी बनाता है। मौके पर पंजाबराव गायकवाड, चंचल पांसे, सचिन रॉय, राजेश मदान, अनंत तिवारी, कृष्ण चौधरी, जगदीश किरोदे, नितिन अग्रवाल, दीप मालवी, निमिष मालवीय, आशीष यादव सहित समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।